an>

Title: Need to enquire shipyard company in Amreli Parliamentary Constituency.

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) :** सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन को यह बताना चाहता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र अमरेली जिला के तहसील राजुला में 22 जनवरी, 2014 को पुलिस ने दो ट्रक पकड़े, जिनमें डीजल भरे हुए थे। यह पता चला कि राजुला तहसील में जो शिपयार्ड कंपनी है, उन ट्रकों में कंपनी की चोरी का डीजल था । लगभग 10-12 बार यह कंपनी डीजल की चोरी में पकड़ी गई है। वहां के पुलिस ने ऐसे काम का पता लगाने का काम किया है। फिर भी, आज तक वहां के जिला अधिकारी ने इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की है। हम यहां दोपहर से ले कर शाम तक पर्यावरण की बात कर रहे, प्रदूषण की बात करते रहे। यह कंपनी समुद्री मार्गों से कई प्रकार के आयल और डीजल समुद्र में भेजती है। इस कंपनी की जांच होनी चाहिए। स्थानीय अधिकारियों को भी कहना चाहिए कि इस कंपनी के द्वारा अवैध सामान लाए जाते हैं, इसके द्वारा राष्ट्र विरोधी प्रवृत्ति हो रही है। कुछ साल पहले चाइनीज लोग आए थे उनको भी इस कंपनी ने वापस भेज दिया। इस कंपनी की पूरी जांच होनी चाहिए।